हरिभूमि

# जीटी रोड भूमि

रोहतक, गुरुवार, 18 सितंबर, 2025


तापमान

अधिकतम 36.8 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री


12 पोस्टर, पॉलीथिन फ्री होगा अंबाला, मोदी के जन्मदिन पर किया ऐलान





12 दशहरा मेले पर 50 हजार की पर्ची सनात धर्म की परंपरा




## खबर संक्षेप

### कारोबारी से मारपीट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना तहसील कैंप पुलिस ने नूरवाला की इंद्रा विहार कॉलोनी स्थित वेस्ट कपड़े के गोदाम में घुसकर कारोबारी पर गंडासी से हमला कर चोट मारने मामले में दो आरोपियों जावा कॉलोनी निवासी कादिर व भैसवाल गांव निवासी इरशाद को पकडा है। वहीं, थानेदार मुकेश ने बताया कि थाना तहसील कैंप में नूरवाला की इंद्रा विहार कॉलोनी निवासी मोहन की शिकायत पर यह केस दर्ज है। वहीं पुलिस इस केस में फरार आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार करेगी।

### जानलेवा हमला करने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** गांव इसराना स्थित निजी अस्पताल के पास झगड़े में कृष्ण पर चाकू से जान लेवा हमला करने के आरोपी नरेंद्र को थाना इसराना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं, थाना इसराना प्रभारी महिपाल ने बताया कि इस केस में घायल के पुत्र सूरज की शिकायत पर केस दर्ज है। इधर, इसराना पुलिस इस केस में फरार आरोपियों की तलाश कर रही है।

### ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी का आरोपी पकड़ा

**पानीपत।** सीआईए थ्री पुलिस टीम ने झट्टीपुर गांव के नजदीक जीटी रोड स्थित ढाबे से मोबाइल व नगदी चोरी करने के आरोपी प्रमीत उर्फ बच्ची पुत्र कर्मबीर निवासी गांव खलीला प्रहलादपुर जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। सीआईए थ्री प्रभारी विजय ने बताया कि चोरी की उक्त वारदात बारे थाना समालखा में डाडौला गांव निवासी अमित की शिकायत पर केस दर्ज है।

## राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने रक्तदाताओं को किया प्रोत्साहित

# देश को सशक्त बनाने में मोदी की मुख्य भूमिका

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत बुधवार को स्वास्थ्य विभाग द्वारा पंचायत भवन के सभागार में स्वस्थ नारी- सशक्त परिवार के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ मेयर शैलजा सचदेवा मौजूद रही।

इससे पहले देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मध्य प्रदेश से वीसी के माध्यम से उपस्थित सभी ने संदेश देखा और सुना। सांसद कार्तिकेय शर्मा ने इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा लगाए गए स्वास्थ्य जांच शिविर व रक्तदान शिविर का भी अवलोकन किया और वहां पर चिकित्सकों द्वारा लोगों के स्वास्थ्य संबधी जो कार्य किए जा रहे थे उस बारे भी जाना तथा रक्तदान शिविर में स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की नींव को मजबूत एवं सशक्त करने का काम किया जा रहा है। पिछले 11 वर्षों में भारत हर क्षेत्र में उन्नति के पथ की ओर अग्रसर है। महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए अनेकों योजनाएं क्रियान्वित की गई है। जिससे कि वे आत्मनिर्भर होकर आगे बढ़ रही हैं। शर्मा ने इस अवसर पर यह भी कहा कि जब भी आगे इतिहास लिखा जाएगा तो उसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश हित के लिए जो कार्य किए गए हैं से स्वर्ण अक्षरों में लिख जाएगा। वह देश को मजबूत करने के लिए निरंतरता में कार्य कर रहे हैं। 2047 तक देश को विकसित राष्ट्र बनाने का जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है उस संकल्प को हम सबको मिलकर पूरा करना है। सेवा पखवाड़ा के तहत अगले 15 दिन तक कई कार्यक्रम किए जाएंगे जिसमें स्वास्थ्य शिविर, रक्तदान शिविर व अन्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी द्वारा पंचकूला से नमो शक्ति रथ (9 रथों को) झंडी दिखाकर रवाना किया गया। यह रथ अंबाला जिले में भी पहुंचेंगे जिसके बाद गांव व शहरों में जाकर लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे। मेयर शैलजा सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत को विकसित राष्ट्र बनाने का जो सपना संजोया है उस सपने को हमें मिलकर पूरा करना है। अपने शहर व प्रदेश को और स्वच्छ एंव सुंदर बनाना है।

- पंचायत भवन में स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर आयोजित



अंबाला। चिकित्सा शिविर के दौरान एक स्टाफ कर्मचारी को सम्मानित करते राज्यसभा सांसद कार्तिकेय। *फोटो : हरिभूमि*

**ये रहे मौजूद**

कार्यक्रम में सिविल सर्जन डॉ. राकेश सहल व पीएमओ रेणु बेरी ने मुख्य अतिथि व वशिष्ठ अतिथि को पुष्प गुच्छ व शाल भेंट कर उनका भव्य अभिनंदन किया। इस अवसर पर एसडीएम दर्शन कुमार, डॉ. हितार्थ, डॉ. नीलम कुशवाहा, डॉ. पल्लवी, डॉ. गीतांजली, डॉ. सुखप्रीत, डॉ. सीमा, डॉ. सुनील हरि, एडवोकेट संदीप सचदेवा, विशाल राणा, राज कुमार गुप्ता, संजय लाकड़ा भी मौजूद थे।

# देश के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका : राणा



यमुनानगर। श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम में श्रमिकों को सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा।

- जिला श्रम विभाग द्वारा शहर में श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन
- कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मुख्यातिथि के रूप में लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

जिला श्रम विभाग के तत्वावधान में बुधवार को शहर में श्रमिक सम्मान एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रुप में हरियाणा के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्याम सिंह राणा ने भाग लिया। कार्यक्रम में श्रमिकों को उनके अधिकारों एवं सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई।

मुख्यातिथि एवं हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने कहा कि श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता कार्यक्रम का अर्थ एक ऐसा आयोजन है। जिसमें श्रमिकों को सम्मानित किया जाता है और उन्हें उनके अधिकारों, सरकार की कल्याणकारी योजनाओं और स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के बारे में जानकारी दी जाती है। देश के निर्माण में श्रमिकों की अहम भूमिका है। श्रमिकों ने अपने खून पसीने से देश को सींचा है। उनका योगदान सदा सराहनीय है। कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा ने मौके पर श्रमिकों को सम्मानित किया गया। मौके पर श्रमिकों को लड्डु वितरण किए गए।

उधर, साढ़ौरा अनाज मण्डी में भी श्रमिकों के सम्मान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर श्रम विभाग हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं बारे श्रमिकों को जागरूक किया गया और श्रमिकों के स्वास्थ्य की जांच कर उन्हें दवाइयां वितरित की गई। जिसमें पूर्व विधायक बलवंत सिंह व सहायक श्रम कल्याण अधिकारी उषा अरोड़ा ने श्रमिकों को सम्मानित किया और उन्हें स्वास्थ्य के लिए जागरुक किया गया।

# एमटीपी किट बेचते पकड़े गए झोलाछाप को जेल भेजा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- ऑटो चालक से 500 रुपये में किट लेकर फर्जी ग्राहक को 1300 में बेची

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने एमटीपी किट देते हुए पकड़े गए झोलाछाप डॉक्टर मंजीत सिंह पर अंबाला सदर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। उसे अदालत ने जेल भेज दिया है। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने कबूला है कि उसने एक ऑटो चालक से 500 रुपये में यह किट ली थी। फर्जी ग्राहक को डॉक्टर ने 2,000 रुपये में किट देने की बात कही थी। बाद में 1300 रुपये लेकर किट थमा दी थी। तभी टीम ने दबिश देकर उसे गिरफ्तार कर लिया था। काबू कर लिया था। डॉक्टर की ओर गुल्लक में रखे गए पैसों को निकलवाने के बाद टीम ने अपने पास नोट किए गए नंबर वाले नोटों को निकाला। 100-100 के नोट मिलने के बाद टीम ने डॉक्टर को काबू किया था।

### रंगदारी मांगने का आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना चांदनी बाग पुलिस ने जबरन वसूली का दबाव बनाने व धमकी देने मामले में आरोपी नरेंद्र निवासी गांव उझा जिला पानीपत को गिरफ्तार किया है। वहीं, थानेदार संदीप ने बताया कि रंगदारी मांगने के केस में धर्मबीर की शिकायत पर केस दर्ज है।

# ससुर की हत्या करने के मामले में पुत्रवधु व उसका प्रेमी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▸▸| यमुनानगर

- हत्याआरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर लिया

जिला पुलिस की अपराध अन्वेषण शाखा वन ने गत दिनों रादौर क्षेत्र में 65 साल के वृद्ध की हत्या के मामले में मृतक की पुत्र वधु व उसके प्रेमी को गिरफ्या गिरफतार किया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर पुलिस रिमांड पर ले लिया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से हत्या में प्रयोग किए हथियार को बरामद किया जाएगा।

उप पुलिस अधीक्षक यमुनानगर रजत गुलिया ने बताया कि अपराध शाखा वन की टीम ने 12 सितंबर को थाना रादौर क्षेत्र में 65 साल के वृद्ध व्यक्ति ओम प्रकाश की हत्या के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए उप निरीक्षक शुभम, एएसआई विरेन्द्र कुमार, एएसआई संतोष कुमार, एएसआई आजाद, मुकेश कुमार, अमरजीत सिंह, महिला सिपाही बलकेश कुमारी की टीम गठित की गई थी। जिस टीम ने मृतक ओम प्रकाश की पुत्रवधु ललिता वासी गांव जुब्बल को काबू किया वा उससे इस हत्या का घटना बारे गहनता से पूछताछ की।जिसने पूछताछ पर अपना अपराध कबूल कर लिया है। आरोपी ललिता से पूछताछ पर इस हत्या में शामिल दूसरे अपराधी करतार सिंह वासी दीपक कालोनी रादौर को भी काबू कर लिया है। दोनों आरोपियों से पता चला है कि करीब तीन साल से ललिता और करतार में नाजायज संबंध थे। जिस बारे ललिता के ससुर ओम प्रकाश को पता चल गया था। इस कारण दोनों आरोपियों ने मिलकर योजना बनाकर ओमप्रकाश की हत्या को अंजाम दिया है। आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमाण्ड पर लिया है। गत 12 सितंबर को पुलिस ने घेसपुर चुंगी के नजदीक खाली पड़े प्लाट से ओमप्रकाश का शव खून से लथपथ हालत में बरामद किया था।



यमुनानगर। ससुर की हत्या करने के मामले में गिरफ्तार की गई आरोपी पुत्रवधु को अदालत में पेश करने ले जाती पुलिस। *फोटो : हरिभूमि*

### एटीएम कार्ड बदलकर बैंक खाते से निकाल लिए 1.98 लाख रुपये

**यमुनानगर।** बर्तन व्यापारी का एटीएम कार्ड बदल कर ठगों ने उसके बैंक खाते से एक लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर मैसेज आने के बाद उन्हें पता चला तो वह हैरान रह गए। पुलिस ने व्यापारी की शिकायत पर थाना जगाधरी सिटी पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

- बर्तन व्यापारी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात ठगों के खिलाफ किया मामला दर्ज

जगाधरी के बुड़िया गेट निवासी कुलदीप कुमार ने बताया कि वह अपने एसबीआई बैंक खाते के एटीएम से रुपये निकालने के लिए एटीएम पर गया था। इस दौरान बार बार प्रयास करने के बावजूद जब रुपये नहीं निकले तो वहीं मौजूद तीन युवकों ने मदद के बहाने उनसे कार्ड लेकर प्रयास किया और पासवर्ड पूछा। बाद में बड़ी होशियारी से एटीएम कार्ड बदल कर उन्हें लौटा दिया और चले गए। इसके बाद इंदिरा कॉलोनी के निकट एटीएम से उनके बैंक खाते से एक लाख 98 हजार रुपये निकाल लिए। मैसेज आने के बाद उनके होश उड़ गए। तुरंत ही थाने पहुंच कर शिकायत दी।

## गांव, खंड और जिला स्तर पर टीम का गठन

# पराली जलाने पर होगी 2 साल की रेड एंट्री

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

- धान की कटाई का सीजन शुरू होते ही हरकत में आया कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

धान कटाई का सीजन शुरू होते ही कृषि एवं किसान कल्याण विभाग सतर्क हो गया है। धान के अवशेष में लगने वाली आग को रोकने के लिए विभाग की ओर से गांव, खंड और जिला स्तर पर टीम का गठन किया गया है।

अगर कोई किसान धान अवशेष में आग लगाता है तो उस किसान को विभाग की ओर से मेरा फसल मेरा ब्योरा पोर्टल पर दो वर्ष के लिए रेड एंट्री किया जाएगा। वह किसान दो वर्ष के लिए न अपनी फसल बेच पाएंगे और न ही सरकारी योजना का लाभ मिलेगा। धान अवशेष जलाने पर किसानों पर कानूनी कार्रवाई करने होगी और जुर्माना भी लगेगा।कृषि विभाग की ओर से हर गांव में एक-एक टीम का गठन किया गया है। जिले में गांव में 429 टीम का गठन किया गया। इस टीम में पटवारी, पंचायत सचिव, कृषि विभाग कर्मचारी शामिल होंगे।

खंड स्तर पर बीडीपीओ, एसएचओ, कृषि विभाग, केवीके अधिकारी और जिला स्तर पर डीडीए, प्रदूषण विभाग से एक्सईएन, एसडीओ, डीडीपीओ, डीएसपी हेडक्वार्टर, डीएमईयू अधिकारी शामिल होंगे। खंड व जिला स्तर पर एक-एक टीम का गठन किया गया है।कृषि एवं किसान कल्याण विभाग ने जिले के विभिन्न स्कूलों में शिविर लगाकर विद्यार्थियों को अवशेष के बारे में आग लगाने से होने वाले नुकसान के बारे में जानकारी दी।



**जागरूकता शिविर लगाए**

मंगलवार को साहा खंड के गांव संभालखा, पिलखनी, गोकुलगढ़, साहा सहित अन्य स्कूलों में कृषि विभाग की ओर से जागरूकता शिविर लगाए गए। सहायक सांख्यिकी अधिकारी मनजीत कौर ने बताया कि फसल अवशेष में आग लगाने से न केवल मित्र कीट मरते है, बल्कि पर्यावरण एवं जमीन के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लगातार आग लगाने से कृषि भूमि की उर्वरा शक्ति कम होती जा रही है। पर्यावरण खराब होने से मनुष्य व अन्य जीवों के स्वास्थ्य पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।




**खबर संक्षेप**



### श्री खाटू श्याम मंदिर में एकादशी पर की पूजा

**करनाल।** पुरानी अनाज मंडी स्थित श्री खाटू श्याम मंदिर में इंदिरा एकादशी श्रद्धाभाव और भव्यता के साथ मनाई गई। मंदिर को फूलों से सजाया गया और भजन-कीर्तन हुआ। पंडित दीपक पांडे ने भक्तों को एकादशी का महत्व समझाया। पूजा-अर्चना के बाद मंदिर समिति ने श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया। मुख्य सेवक देसराज गुप्ता ने कहा कि मंदिर अब धाम का रूप ले चुका है। उपस्थित गणमान्य व्यक्तिः अनिल गर्ग, महेंद्र गुप्ता, रामकरण गोयल, राजेश सिंगला, राजेश गर्ग, अशोक सिंगला, पवन गुप्ता, हरीश गुप्ता और विनोद गोयल।

### एडीसी सोनू भट्ट ने गांव कोहंड का निरीक्षण किया

**करनाल।** एडीसी सोनू भट्ट ने केंद्रीय शहरी एवं ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल के निर्देशानुसार गांव कोहंड का दौरा किया। उन्होंने गांव में विकास कार्यों की समीक्षा की और अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी परियोजनाओं में कोई लापरवाही न हो। उन्होंने ग्रामीणों को कचरा निपटान और सिंगल-यूज प्लास्टिक न प्रयोग करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सामूहिक प्रयास से ही गांवों को स्वच्छ और सुंदर बनाया जा सकता है।

### मंडी में धान की आवक ने धीरे-धेरे पकड़ी रफ्तार

**घरौंडा।** अनाज मंडी में धान की आवक धीरे-धीरे रफ्तार पकड़ने लगी है। बरसात थमने के बाद मंडी में किसानों की भीड़ बढ़ने लगी है। अब तक करीब डेढ़ लाख क्विंटल धान की आवक हो चुकी है।
किसानों का कहना है कि बरसात के कारण उनकी फसल में नमी अधिक है, जिसके चलते उन्हें धान का उचित मूल्य नहीं मिल पा रहा। वहीं दूसरी ओर, इस बार खेतों में धान की झाड़ भी काफी कम आई है, जिससे किसानों की लागत निकलना भी मुश्किल हो गया है। किसान मंडी में उचित रेट न मिलने पर नाराज दिखाई दिए।
मार्केट कमेटी ने किसानों की सुविधा के लिए बिजली, पानी और अन्य व्यवस्थाएं तो कर दी हैं, लेकिन मंडी की टूटी-फूटी सड़कों से किसानों और आढ़तियों की परेशानी बढ़ गई है।

## प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा-स्वच्छ पखवाड़ा का शुभारंभ

# अपने शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना सभी नागरिकों की जिम्मेदारीः विधायक

- ***कार्यक्रम के तहत तरावड़ी शहर में चलाया गया सफाई अभियान***
- ***अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों व समाज सेवियों ने की सफाई***

सेवा पखवाड़ा आज से आरम्भ होकर 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस तक मनाया जाएगा, इस दौरान बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸| तरावड़ी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन के अवसर पर नीलोखेड़ी विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने बुधवार को सेवा पखवाड़ा एवं स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों व समाज सेवियों के साथ मिलकर तरावड़ी के नगर खेड़ा मे सफाई करके इस अभियान की शुरूआत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने शनि मन्दिर मे जाकर गरीब लोगों का फल वितरण किये। इस अवसर पर विधायक भगवान दास कबीरपंथी ने कहा कि आज आज हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और वो प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर उन्हें हार्दिक बधाई देते हुए उनके उत्तम स्वास्थ्य की कामना करते हैं। उन्होंने कहा कि यह सेवा पखवाड़ा आज से आरम्भ होकर 2 अक्तूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री के जन्मदिवस तक मनाया जाएगा। इस पखवाड़े में बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित होंगे।



तरावड़ी। सेवा-स्वच्छ पखवाड़ा सफाई अभियान मे भाग लेते विधायक भगवान दास कबीरपंथी। *फोटो : हरिभूमि*

### सभी से सहयोग की अपील

*चेयरमैन ने कहा,अभियान के तहत शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाया जाएगा, जिसके लिए सभी विभाग अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन पूरी निष्ठा से करें। इसके साथ ही अभियान में जनभागीदारी के लिए ज्यादा से ज्यादा आमजन को जोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि नागरिक, शहर को स्वच्छ बनाने व पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रशासन का सहयोग करें। इस सफाई अभियान में नगर पालिका चेयरमेन विरेन्द्र बंसल, नपा सचिव अजीत कुमार,पार्षद ओम प्रकाश मल्हौत्रा, पार्षद सुरेन्द्र खुराना, पार्षद कमल जांगड़ा, पार्षद भरत शर्मा, पार्षद देसराज, पार्षद प्रतिनिधि लखविन्द्र सिंह, राजीव आदि रहे।*

### स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर निभाएं भागेदारी

इस अवसर पर नगरपालिका सचिव अजीत कुमार ने कहा कि आज शहर के विभिन्न क्षेत्रों में विधायक की अध्यक्षता में सफाई अभियान चलाया गया। इस दौरान शहर के विभिन्न क्षेत्रों में स्वच्छता से जुड़ी अनेक गतिविधियां आयोजित की गई। उन्होंने शहरवासियों से अपील करते कहा कि अपने शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के लिए स्वच्छता अभियान में बढ़-चढ़ कर अपनी सहभागिता दर्ज करें।

### ये बोले विधायक

विधायक ने कहा कि हम सभी को मिलजुल कर इस स्वच्छता अभियान को सफल बनाना है। जैसे हम अपने घरों में साफ-सफाई करते हैं, वैसे ही में हमें अपने कर्म स्थल और शहर को भी साफ-सुथरा रखना है। सफाई अभियान के दौरान विधायक, नगरपालिका सचिव अजीत कुमार सहित सभी अधिकारी, भाजपा कार्यकर्ता व सफाई कर्मियों ने कूड़ा कर्कट उठाकर सडकों की सफाई की।

### सभी के प्रयासों से स्वच्छ बनेगा शहरः विरेन्द्र बंसल

नगरपालिका अध्यक्ष विरेन्द्र बंसल ने बताया कि कोई भी अभियान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, बल्कि इसके लिए आमजन की भागीदारी भी जरूरी है। उन्होंने लोगों से अपील की कि वे अपने आसपास सफाई रखें और कूड़ा निर्धारित किये गए डस्टबिन में ही डालें। उन्होंने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है।


तरावड़ी। हेल्थ चेकअप कैंप मे मरीजों की जांच करते डॉक्टरों की टीम।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया हेल्थ कैंप

**तरावड़ी।** वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ कैलाश गर्ग सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तरावड़ी की देखरेख में सभी स्वास्थ्य केन्द्रों पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान के तहत स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। यह कैम्प प्रति दिन 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगाया जायेगा। इस कैंप में सभी महिला, बच्चे, टी बी मरीज, बी पी शुगर के मरीजों का चेकअप सहित सरकारी पोर्टल पर दर्ज किए जायेगा। इस अभियान में सभी डॉक्टर व स्वास्थ्य विभाग का प्रत्येक अधिकारी व कर्मचारी बढ़ चढ़ कर अपना योगदान दिया। यह कार्यक्रम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में आंज प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन से शुरू हुआ। इस कार्यक्रम में कल 108 लाभार्थियों की स्क्रीनिंग की गई। जिसको अलग-अलग तरह के पोर्टल पर दर्ज किया गया । इसी प्रोग्राम के तहत गांव पटना के अंतर्गत आने वाले सरकारी स्कूल में भी स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान चलाया गया। जिसमें स्कूल में सभी बच्चे वह अध्यापकों को इस कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया गया। यह कार्यक्रम तमन्ना काउंसलर व डॉक्टरों की टीम की देखरेख मे चलाया गया। इस अभियान के तहत सभी स्वास्थ्य संस्थानों में प्रतिदिन यह कार्यक्रम 2 अक्टूबर तक चलाया जाना है। इसलिए जनता से अपील है कि इस प्रोग्राम को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग में हरियाणा सरकार का सहयोग दें।


घरौंडा। श्री विश्वकर्मा चौक पर पूजा अर्चना करते श्रद्धालू। *फोटो : हरिभूमि*

### भगवान विश्वकर्मा की पूजा कर कमाया धर्मलाभ

**घरौंडा।** युवा फाउंडेशन व लखदातार श्याम परिवार की ओर श्री विश्वकर्मा महासभा के सहयोग से बुधवार को विश्वकर्मा चौक पर भगवान श्री विश्वकर्मा पूजन दिवस बड़े श्रद्धा भाव से मनाया गया। इस अवसर पर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर पूजा-अर्चना की गई। इसके पश्चात फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। युवा फाउंडेशन के अध्यक्ष रिंकु राणा ने कहा कि हमें भगवान विश्वकर्मा जी के बताए पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के सभी महापुरुष किसी एक जाति के न होकर पूरे समाज के होते हैं। इसलिए सर्व समाज को मिलकर महापुरुषों की जयंती मनानी चाहिए और आपसी एकजुटता का संदेश देना चाहिए, जिससे भाईचारे की भावना मजबूत हो सके। इस मौके पर सभा के प्रधान धर्मपाल पांचाल, रमेश पांचाल, राजिंदर धीमान, भगीरथ शर्मा, गुलाब, सोनू,पूर्व पार्षद जय भगवान सेन, रोहित गोयल, मुनीष गुप्ता, योगेश वर्मा, रविंदर राणा, दिलावर चौहान, टोनी, सनी कश्यप, संजीव, मोनी, बिट्टू, अंकित राणा आदि मौजूद रहे।



### 'हिंदी भाषा की चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर सेमिनार

**करनाल।** डीएवी महिला शिक्षण महाविद्यालय करनाल में हिंदी साहित्य संगठन के तत्वावधान में 'हिंदी भाषा की चुनौतियां और संभावनाएं' विषय पर एक विस्तृत व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों और साहित्य प्रेमियों में हिंदी भाषा के महत्व को समझाना और इसके विकास में उनकी भागीदारी को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता डॉ. राकेश संधू ने विस्तारपूर्वक बताया कि आज के युग में शिक्षा, विज्ञान, प्रौद्योगिकी और प्रशासन के क्षेत्र में अंग्रेजी का प्रभुत्व बढ़ता जा रहा है, जिससे हिंदी भाषा का प्रयोग सीमित होता जा रहा है। व्याख्यान में बताया कि हिंदी भाषा की सुरक्षा और संवर्द्धन के लिए हमें इसे अपने दैनिक जीवन में अधिक से अधिक प्रयोग में लाना होगा। कार्यक्रम के अंत में डॉ. राजविंद्र कौर ने डॉ. संधू को विशेष प्रमाण पत्र और सम्मान प्रदान किया और उनकी प्रेरणादायक व्याख्यान के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि वे हिंदी भाषा को संरक्षित और संवर्धित करने के लिए निरंतर प्रयास करें और समाज में इसके महत्व को लोगों तक पहुंचाएं।

## प्रधानमंत्री के 75 वें जन्मदिन पर भाजपाइयों ने बांटी जलेबी

हवन-पूजन कर की प्रधानमंत्री की दीर्घ आयु की कामना

हरिभूमि न्यूज ▸▸| घरौंडा

भारतीय जनता पार्टी के मधुबन मण्डल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन और महात्मा गांधी की जयंती को समर्पित सेवा पखवाड़े का आयोजन 17 सितंबर से 2 अक्तूबर तक मनाया जायगा, इसी कड़ी में बुधवार को मधुबन मण्डल के गांव अमृतपुर खुर्द व रावंर में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वे जन्मदिन के उपलक्ष में उनकी लम्बी आयु व अच्छे स्वास्थ की कामना हेतु भाजपा कार्यकर्ताओं व ग्रामीणों ने अमृतपुर खुर्द के दुधा धारी मंदिर मे हवन यज्ञ और गाँव रावंर मे जलेबी बांटकर जन्म दिवस मनाया। इस अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ साथ बहुत संख्या में ग्रामीणों व महिलाओं ने मंदिर प्रांगण में सफाई अभियान चलाया गया और त्रिवेणी लगाकर पर्यावरण का संदेश दिया। भाजपा कार्यकर्ताओं ने गांव के बुजुर्गों को कमल पुष्प व माला पहनाकर सम्मान भी किया।उन्होंने बताया कि सेवा पखवाड़ा के दौरान मण्डल के सभी गाँव में रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच और पोषण जागरूकता अभियान, स्वच्छता कार्यक्रम,वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।




### मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र ने किया लोगों को संबोधित

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे मण्डल अध्यक्ष देवेंद्र ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा पखवाड़ा का मूल भाव 'सेवा ही संगठन' है। इस अवधि में भाजपा कार्यकर्ता समाज के हर वर्ग तक पहुंचकर सेवा, सहयोग और समर्पण का संदेश दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस दौरान पार्टी कार्यकर्ता विभिन्न जनसेवा कार्यक्रमों के माध्यम से उनके जीवन मूल्यों को समाज तक पहुंचाएंगे।



### नगर निगम ने स्वच्छता अभियान का आगाज किया

**करनाल।** नगर निगम करनाल ने सेक्टर-12 मार्केट क्षेत्र में स्वच्छोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया। महा स्वच्छता अभियान में विधायक जगमोहन आनंद, महापौर रेणु बाला गुप्ता, नगर निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा, निगम पार्षद, विभिन्न विभागों के अधिकारी, एन.सी.सी. और एन.एस.एस. वॉलंटियर्स, युवाओं और नागरिकों ने भाग लिया। 700 सफाई मित्रों ने पार्क, खाली प्लॉट और मुख्य सड़कों की सफाई की। पौधारोपण कार्यक्रम में विधायक आनंद ने आम का पौधा रोपित किया। महापौर और निगमायुक्त ने कैलेंड्रा के पौधे रोपित कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। विद्यालय के बच्चों ने गीले व सूखे कचरे को अलग करने पर नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। विधायक आनंद ने करनाल को स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में तीसरा स्थान मिलने की जानकारी दी और नागरिकों से पहले स्थान प्राप्त करने हेतु सहयोग की अपील की। निगम आयुक्त डॉ. वैशाली शर्मा ने नागरिकों से अपने मोबाइल में स्वच्छता एप डाउनलोड कर समस्याओं की रिपोर्ट करने का आग्रह किया।



तरावड़ी। बैठक मे भाग लेते एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल, राइस मिलर सदस्य। *फोटो : हरिभूमि*

### राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसो. की कार्यकारिणी गठित

- बैठक में संगठन की मजबूती पर दिया जोर

**तरावड़ी।** तरावड़ी राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसोसिएशन की बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता एसोसिएशन के नवनियुक्त अध्यक्ष नरेश बंसल ने की। वहीं कार्यक्रम में मंच संचालन नवनियुक्त महासचिव राकेश हंस ने किया। बैठक में तरावड़ी राइस मिलर्स एवं डीलर्स एसोसिएशन की कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से लाला नाथीराम गुप्ता, रोशन लाल गुप्ता संरक्षक, रविन्द्र सिंगला व संजीव मित्तल उप प्रधान, नरेश गर्ग व शिवम बंसल सचिव, अभिषेक गोयल कोषाध्यक्ष, संजीव गर्ग सह कोषाध्यक्ष बनाए गए हैं। इसके अलावा प्रसिद्ध उद्योपगति रमेश गुप्ता, विजय गोयल, बृज भूषण गोयल, प्रदीप गुप्ता, शीशपाल गुप्ता, प्रमोद बंसल, तिलक राज मक्कड़, देवेन्द्र सिंगला, मुकेश गर्ग एवं रुशिल गुप्ता को चीफ एडवाईजर बनाया गया है। वहीं सीएमआर कमेटी में संजीव मित्तल, रितेश नागपाल, संजीव गर्ग, सुभाष गर्ग व शिवम बंसल को शामिल किया गया है। इस मौके पर एसोसिएशन के अध्यक्ष नरेश बंसल ने कहा कि मेरा हमेशा से यही प्रयास रहा है कि राइस मिलर्स की जो भी मांगें होती है उन्हें अधिकारियों के समक्ष रखकर उनका समय पर समाधान करवा सकूं। इसमें कई बार समय जरूर लगता है लेकिन मेरे प्रयास हमेशा जारी रहते है। आज नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है।

## फसल अवशेष प्रबंधन में गांव के सरपंच, नंबरदार व चौकीदारों की अहम भूमिकाः एसडीएम अशोक

सरपंच अपने गांव में पंचायत कर करेंगे जागरूक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

एसडीएम अशोक मुंजाल की अध्यक्षता में बीडीपीओ कार्यालय इंद्री में खंड के सरपंचों व नंबरदारों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसडीएम ने कहा कि फसल अवशेष प्रबंधन में गांव के सरपंच, नंबरदार व चौकीदारों की अहम भूमिका होती है। सभी को मिलकर फसल अवशेष जलाने की घटनाओं पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की दिशा में कार्य करना है। एसडीएम ने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय व एनजीटी के दिशा निर्देशों के अनुसार सरकार द्वारा इस वर्ष फसल अवशेषों की आगजनी की घटनाओं में जीरो बर्निंग का लक्ष्य दिया गया है। इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए गांव के सरपंच अपने गांव में पंचायत सदस्यों, नंबरदारों, चौकीदारों व प्रगतिशील किसानों के साथ बैठक करके किसानों को फसल अवशेष न जलाने तथा इसके उचित प्रबंधन बारे जागरूक करें ताकि आगजनी की घटनाओं को रोका जा सके। एसडीएम ने बताया कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ग्राम स्तरीय टीमें गठित कर गांवों की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। आगजनी की घटनाओं की निगरानी के लिये इस बार सेटेलाइट 24 घंटे निरंतर कार्य करेगा। यदि कोई किसान अपनी फसलों के अवशेष में आग लगाता है तो नियमानुसार उस पर 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व एफआईआर के साथ-साथ रेड एन्ट्री का भी प्रावधान है। उन्होंने बताया कि अगर कोई किसान फसल अवशेषों में आग लगाते हुए पाया जाता है तो वह दो वर्ष के लिये अपनी फसल का रजिस्ट्रेशन मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर नही करवा पाएगा, जिस कारण अगले दो वर्ष तक वह अपनी फसल मंडी में एमएसपी पर नहीं बेच पाएगा।


इंद्री। बीडीपीओ कार्यालय इंद्री मे सरपंचों व नंबरदारों के साथ बैठक करते एसडीएम अशोक मुंजाल। फोटो : हरिभूमि

### अधिकारियों-कर्मचारियों की टीमों को गठन

एसडीएम ने बताया कि फसल अवशेष जलाने की घटनाओं को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों की ग्राम स्तरीय टीमें गठित कर गांवों की जिम्मेदारियां सौंपी गई है। आगजनी की घटनाओं की निगरानी के लिये इस बार सेटेलाइट 24 घंटे निरंतर कार्य करेगा। यदि कोई किसान अपनी फसलों के अवशेष में आग लगाता है तो नियमानुसार उस पर 30 हजार रुपये तक का जुर्माना व एफआईआर के साथ-साथ रेड एन्ट्री का भी प्रावधान है।



### असंध विधायक के नेतृत्व में की साफ-सफाई

**असंध/करनाल।** विधायक योगेन्द्र राणा ने अधिकारियों, कर्मचारियों, पार्षदों और समाजसेवियों के साथ शहर के प्रमुख मार्गों में सफाई अभियान चलाया। एसडीएम राहुल भी उपस्थित रहे। विधायक राणा ने कहा कि शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाना हम सबकी जिम्मेदारी है। अभियान में कूड़ा उठाकर नगरवासियों को स्वच्छता बनाए रखने की प्रेरणा दी गई। उन्होंने दुकानदारों और नागरिकों से सिंगल-यूज प्लास्टिक का त्याग करने की अपील की। एसडीएम ने कहा कि अभियान केवल सरकारी प्रयासों से संभव नहीं है, आमजन की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। नगर पालिका चेयरपर्सन सुनीता रानी, बीडीपीओ प्रशांत कुमार, तहसीलदार नवजोत कौर, नायब तहसीलदार राधेश्याम, नपा सचिव प्रदीप जैन, उप-नपा वाईस चेयरमैन राजिन्द्र ढिंगड़ा, मंडल अध्यक्ष हिमांशु छाबड़ा, समाजसेवी प्रवीण लाठर, ब्रांड एम्बेसडर रामअवतार जिंदल समेत अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

### राजकीय महाविद्यालय निगदू में सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**करनाल।** राजकीय महाविद्यालय निगदू में प्राचार्य रमेश सिंह अहलावत के मार्गदर्शन में बुधवार को सेवा पखवाड़े का भव्य उद्घाटन किया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर उनके स्वास्थ्य और दीर्घायु की कामना हेतु महाविद्यालय में हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। प्रसाद वितरण के पश्चात विद्यार्थियों, शिक्षकों और स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों ने महाविद्यालय परिसर और आसपास की गलियों में सफाई अभियान चलाया। महाविद्यालय के सभागार में आयोजित एक्सटेंशन लेक्चर में कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी के पूर्व रजिस्ट्रार डॉ. कृष्ण कारसा ने विद्यार्थियों को सेवा पखवाड़े में सक्रिय भागीदारी हेतु प्रेरित किया।

## रक्तदान शिविर मे किया 81 यूनिट रक्त एकत्रित

# रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान : विधायक

- स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का शुभारंभ विधायक ने किया
- रक्तदाताओं को बैंज लगाकर प्रोत्साहित भी किया

हरिभूमि न्यूज ▸▸| इंद्री

बीडीपीओ कार्यालय इंद्री के सभागार में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया । इस शिविर का शुभारंभ विधायक एवं गवर्नमेंट चीफ व्हिप रामकुमार कश्यप ने किया। शिविर मे 81 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। नागरिक हस्पताल करनाल से आई डाक्टरों की टीम ने रक्त इकट्ठा किया। इस अवसर पर विधायक ने रक्तदान करने वाले रक्तदाताओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है तथा कोई भी स्वस्थ व्यक्ति रक्तदान कर सकता है। रक्तदान करके बीमार या दुर्घटना में घायल व्यक्ति के अमूल्य जीवन को बचा सकते हैं। विधायक ने बताया कि 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक देशभर में सेवा पखवाडा मनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज 17 सितंबर को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन है और 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का भी जन्मदिन है। उन्होंने बताया कि सेवा पखवाडा में बहुत से कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह कार्यक्रम जिला स्तर पर, विधानसभा स्तर पर और गांव स्तर पर आयोजित होंगे। इस दौरान स्वच्छता अभियान, स्वास्थ्य जांच व रक्तदान शिविर, पौधारोपण, प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार, सेवा व संकल्प रैलियां आयोजित की जाएंगी। इस मौके पर काफी संख्या मे भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे ।



इंद्री। रक्तदाताओं को बैज लगाते विधायक रामकुमार कश्यप व अन्य। *फोटो : हरिभूमि*



### जिला कारागार में स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन

**करनाल।** जिला और सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अजय कुमार शारदा के मार्गदर्शन में जिला कारागार में विशेष स्वच्छता पखवाड़ा आयोजित किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पौधारोपण से हुई। सचिव डॉ. इरम हसन ने कारागार अस्पताल का निरीक्षण किया और बंदियों के लिए दांतों की जांच तथा एचआईवी टेस्ट शिविर का अवलोकन किया। बंदियों को आत्मनिर्भर बनाने हेतु चलाए जा रहे कॉस्मेटिक और ड्रेसिंग कोर्स के बारे में जानकारी दी और प्रेरित किया। जेल लोक अदालत में 8 मुकदमे रखे गए, जिनमें से 7 का निपटारा कर बंदियों को निर्धारित शर्तों पर रिहा किया गया। डिप्टी सुपरिटेंडेंट सुरेन्द्र कुमार, धर्मचन्द, और नीलम उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मनाना में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया

**पानीपत।** गांव मनाना में सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ जिला परिषद की मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं जिला मिशन निदेशक, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन डॉ. किरण सिंह ने समालखा खंड के गांव मनाना से किया। इस अवसर पर पौधारोपण कर महिलाओं को रोजगार से जुडने और आजीविका बढ़ाने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में जिला कार्यक्रम प्रबंधक, हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, मुंतजिर आलम, पंजाब नेशनल बैंक के जिला अग्रणी प्रबंधक राज कुमार, समालखा खंड कार्यक्रम प्रबंधक मंजू देवी, मनाना गांव की समूह सेविका ममता देवी, रानी देवी, बैंक सखी अनीता देवी आदि उपस्थित रही।

### आईबी कॉलेज में प्लेसमेंट ड्राइव

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज के प्लेसमेंट एंड करियर गाइडेंस सैल ने मेधा लर्निंग फाउंडेशन के सहयोग से प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया। कार्यक्रम में कुल पचपन विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिनमें से बारह विद्यार्थियों को कंपनियों ने चयन किया। ड्राइव में एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक–एनआईआईटी जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. अर्पणा गर्ग, प्रो. माधवी, डॉ. स्वाति पूनिया, प्रो. खुशबू, शाहिद, पीयूष अमन आदि उपस्थित रहे।

### श्रमिक जागरूकता अभियान चलाया

**पानीपत।** जिला श्रम विभाग द्वारा श्रमिक सम्मान एवं जागरूकता समारोह के अंतर्गत बुधवार को जिले के विभिन्न लेबर चौकों पर श्रमिक जागरूकता अभियान चलाया गया। औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उपनिदेशक डीपी सिंह ने बताया कि इस अभियान का उद्देश्य श्रमिकों को सरकारी योजनाओं से जोडक़र उन्हें सशक्त और जागरूक बनाना है ताकि वे अपने अधिकारों और सुविधाओं का लाभ उठा सकें। इस अवसर पर पार्षद काजल शर्मा, श्रम निरीक्षक ललित, पार्षद जयदीप अरोड़ा, श्रम निरीक्षक अनीता, पार्षद रोकी गहलोत व श्रम निरीक्षक नवीन, पार्षद नेहा श्रम निरीक्षक रीना आदि उपस्थित रहे।

### लेवर जोनल खेल आज से

**पानीपत।** औद्योगिक सुरक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के उप निदेशक एवं स्पोर्टस मीट के नोडल अधिकारी धर्मपाल सिंह ने बताया कि हरियाणा श्रम कल्याण बोर्ड द्वारा पूर्व वर्षो की भान्ति बुधवार 18 सितम्बर व वीरवार 19 सितम्बर को जोनल लेवल श्रमिक खेल प्रतियोगिता का आयोजन शिवाजी स्टेडियम मॉडल टाउन में किया जा रहा है।

### रोजगार सहायता कैंप आज से

**पानीपत।** जिला रोजगार कार्यालय की ओर से यह शिविर 18 सितंबर को जिला रोजगार कार्यालय परिसर, पानीपत में लगाया जाएगा। जिला रोजगार अधिकारी रितु चहल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देश्य युवाओं को रोजगार निदेशालय द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं गतिविधियों से अवगत कराना है। साथ ही प्रतिभागियों को स्वावलंबन और रोजगार की दिशा में आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराना भी इस पहल का अहम हिस्सा है।

### गांव सिवाह में छात्राओं ने पौधे रोपे

**पानीपत।** चौधरी देवीलाल मेमोरियल कन्या पीजी महाविद्यालय गांव सिवाह में एनएसएस व इको क्लब के संयुक्त तत्वावधान में सेवा पखवाड़ा अभियान के तहत छात्राओं ने पौधे रोपे। प्राचार्य डॉ. सुमन लता ने छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलवाई। एनएसएस प्रभारी प्रोफेसर पूनम देवी ने छात्राओं को पर्यावरण व स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी।

### इनसो ने ज्ञापन सौंपा

**पानीपत।** जजपा के छात्र संगठन इनसो के नेता बलराज देशवाल राजेंद्र जैलदार ने राजकीय महिला कॉलेज गांव मतलौडा में छात्राओं से मुलाकात की और उनकी समस्याओं को जाना। वहीं इनसो नेताओं के छात्राओं की समस्या को लेकर कॉलेज प्राचार्य प्रदीप शर्मा को ज्ञापन देकर समस्याओं के हल की अपील की।

---

भाजपाइयों ने पौधे रोपे, स्वच्छता अभियान चलाया, मंदिरों में पूजन किया

# मोदी के जन्मदिन पर 450 ने किया रक्तदान रक्तदाताओं का बैज लगाकर अभिनंदन किया

शिविर का शुभारंभ हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस पर जीटी रोड स्थित गोशाला मंदिर हाल में महाराजा अग्रसेन चैरिटेबल ट्रस्ट की ओर से विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ हरियाणा के पंचायत एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने किया। वहीं, शिविर में 450 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। वहीं, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल ने रक्तदाताओं का बैज लगाकर अभिनंदन किया और कहा कि युवाओं को जीवन रक्षक इस पुण्य कार्य में अधिक से अधिक भाग लेना चाहिए। उन्होंने रक्तदाताओं को समाज का सच्चा हीरो बताया। इस अवसर पर विधायक प्रमोद विज, भाजपा जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट, उपाध्यक्ष नवीन भाटिया, चेतन तनेजा, संजय अग्रवाल, डॉ पूजा सिंघल आदि उपस्थित रहे।



पानीपत। केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल रक्तदाता का बैज लगाते हुए।

### हवन कर पौधे रोपे

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया से प्रभारी ओबीसी मोर्चा डॉ. राजवीर आर्य ने हुडा सेक्टर 24 तीर्थ महर्षि दयानंद पार्क में प्रधानमंत्री यज्ञ किया और पौधे रोपे। इस अवसर पर भाजपा नेता ईश कुमार राणा, रविंद्र टोसमद, दीपक गोयल, दलवीर आर्य आदि उपस्थित रहे।

### सफाई कर्मचारियों का अभिनंदन किया

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर पानीपत शहरी विधानसभा में विधायक प्रमोद विज ने स्वतंत्रता सेनानी की मूर्ति साफ करके सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया। वहीं, किला पार्क में स्वच्छता अभियान चलाया। वहीं, छत्रपति शिवाजी की मूर्ति, अमर शहीद भगत सिंह राजगुरु सुखदेव, संविधान शिल्पी डॉ. भीमराव अंबेडकर को नमन किया। विधायक विज ने सफाई कर्मचारियों का अभिनंदन किया।

### पौधरोपण में ये मौजूद रहे

सशक्त भारत के शिल्पकार देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस पर हुडा सेक्टर 13/17 के नवनिर्मित श्यामकमल भाजपा जिला कार्यालय परिसर में भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यन्त भट्ट की अध्यक्षता में पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर पानीपत की महापौर कोमल सैनी, पार्षद अशोक कटारिया, सुमित जागलान, कृष्ण दुग्गल, अमित पंडित, बलवान शर्मा, प्राण रत्नाकर, मोना शर्मा, रेशमा राजपूत आदि ने भी पौधे रोपे।

### राजकीय कॉलेज में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन

**पानीपत।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर देशबंधु गुप्ता राजकीय कॉलेज में रेडक्रॉस क्लब, रेडरीबन क्लब,इको क्लब, इतिहास विभाग और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वावधान में सिग्नस महाराज अग्रसेन हॉस्पिटल पानीपत के सहयोग से स्वस्थ नारी- स्वच्छ परिवार अभियान के साथ स्वास्थ्य जांच कैंप का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रिंसिपल डॉ सुभाष चन्द्र जागलान ने और कार्यक्रम का संचालन ग्रीनमैन सहायक प्रोफेसर दलजीत कुमार ने किया। कैंप को सफल बनाने में डॉ. सोनिया दहिया, डॉ मोनिका, डॉ रीना, ज्योति शर्मा, तकदीर सिंह, डॉ दलबीर सिंह, रमेश कादयान मौजूद रहे।





पानीपत। विधायक प्रमोद विज, रक्तदाता भाजपा जिला उपाध्यक्ष नवीन भाटिया को सम्मानित करते हुए।

---

पुजारी पंडित नेतराम कौशिक ने पूजा कराई

# भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पूजा महोत्सव धूमधाम से मनाया



पानीपत। श्री विश्वकर्मा मंदिर में विधायक प्रमोद विज को स्मृति चिंह भेंट करते हुए विनोद पांचाल आदि। फोटो :हरिभूमि

- विश्वकर्मा समाज के बुजुर्ग एवं प्रतिभावान 101 लोगों को सम्मानित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत की गोहाना रोड स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जयंती पूजा महोत्सव मनाया गया। जिसमें पुजारी पंडित नेतराम कौशिक ने यज्ञ कर पूजा कराई। वहीं विश्वकर्मा समाज के बुजुर्ग एवं प्रतिभावान 101 लोगों को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि पानीपत शहर विधायक प्रमोद विज रहे। जबकि विशिष्ठ अतिथि मेयर कोमल सैनी, डीएफएससी नीतू जांगडा, पार्षद रोकी गहलोत, तरूण तावड़ा, हरियाणा सिख गुरूद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य स.मोहनजीत सिंह रहे। जिनका आयोजकों द्वारा फूल मालाओं, पगड़ी व शाल ओढ़ाकर स्वागत किया गया। विधायक प्रमोद विज ने श्री विश्वकर्मा सामुदायिक केंद्र के निर्माण को पूरा कराने की घोषणा की। मेयर कोमल सैनी ने गोहाना मोड़ पर भगवान विश्वकर्मा द्वार बनवाने का आश्वासन दिया। पार्षद रोकी गहलोत ने कहा कि विश्वकर्मा समाज जो भी जिम्मेदारी लगाएगा उसे वह पूरा करने का प्रयास करेंगे। शिक्षाविद् राधेश्याम जांगडा, विजय जांगडा व नीतू जांगडा ने समाज के बच्चों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाने पर बल दिया। मनोज पांचाल व शिवम पांचाल ने बाबा विश्वकर्मा पर आधारित भजन सुनाए।

### ये मौजूद रहे

इस अवसर पर श्री विश्वकर्मा मंदिर सभा के प्रधान राजकुमार पांचाल, महासचिव सुभाष जांगडा, कोषाध्यक्ष संजय धीमान, प्रबंधक राजेंद्र पांचाल भंड़ारी, संरक्षक रोशन लाल धीमान, डा.राजकुमार जांगडा, विनोद पांचाल, पूर्व प्रधान रघुबीर धीमान, डा.डीपी पांचाल, श्री कैलाशी सेवा समिति के प्रधान अशोक कैलाशी, डा.प्रवीण पांचाल, महिला प्रधान सरोज जांगडा, कार्यक्रम का समापन भंडारे के साथ हुआ। दूसरी ओर, राज नगर स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर धर्मशाला, हरिसिंह कालोनी स्थित श्री विश्वकर्मा मंदिर में बाबा की जयंती मनाई गई।

---

# प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान से देश को प्रेरित किया

- शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ समालखा

भाजपा जिला अध्यक्ष दुष्यंत भट्ट के मार्गदर्शन में समालखा शहरी मंडल द्वारा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्मदिवस के पावन अवसर पर सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल के नेतृत्व में शहीदों की प्रतिमाओं की साफ-सफाई की गई और माल्यार्पण किया गया। जिलाध्यक्ष दुष्यंत भट्ट ने कहा कि आज देशभर में विश्वकर्मा पूजा का पर्व मनाया जा रहा है और संयोग से हमारे देश के विश्वकर्मा समान यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भी जन्मदिवस है। पार्षद संजय गोयल ने कहा और शहरी मंडल अध्यक्ष रेखा गोयल ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने स्वच्छ भारत अभियान से पूरे देश को प्रेरित किया है। भाजपा कार्यकर्ता इसे सेवा सप्ताह के रूप में मना रहे हैं, जिसकी शुरुआत स्वच्छता अभियान से की गई है। भाजपा नेता नरेंद्र वर्मा, रॉकी वर्मा, सुभाष कुहाड़, मोहित गोयल, सुधीर सहरावत, शिवानी पांचाल आदि उपस्थित रहे।



समालखा। समालखा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर देशभक्ति के गीत गाते हुए भाजपाई। फोटो :हरिभूमि

# गुरु नानक देव का ज्योती जोत दिवस श्रद्धा-सत्कार से मनाया



समालखा। जगत गुरु श्री नानक देव के ज्योती-जोत दिवस पर पूजन करते हुए श्रद्धालु।

**समालखा।** गुरुद्वारा नानक दरबार साहिब माडल टाऊन में जगत गुरु श्री नानक देव जी का 486 वां ज्योती-जोत दिवस संगत द्वारा बड़ी श्रद्धा-सत्कार के साथ मनाया गया। इस अवसर पर प्रधान जगतार बिल्ला ने कहा गुरु नानक देव का 486 वां ज्योति-जोत दिवस संगत द्वारा गुरुद्वारे में श्रद्धा-सत्कार से मनाया गया, जिसमें अखंड पाठ की समाप्ति, शब्द कीर्तन और गुरु का लंगर जैसे कार्यक्रम आयोजित किए गए। बिल्ला ने कहा यह दिवस गुरु नानक देव जी के भौतिक शरीर के स्वर्गवास की स्मृति में मनाया जाता है और ज्योति-जोत दिवस का अर्थ आत्मा का परमात्मा में विलीन होना है। वहीं, प्रसाद व लंगर की सेवा हीरा सिंह परिवार ने की। इस अवसर पर सुरेन्द्र कुमार, नारायण दास, कृष्णा कौर, मनजीत कौर, सोनिया मल्होत्रा, सीमा अरोड़ा, रूपिंद्र कौर, राजरानी, सरोज देवी, कशिश कुमारी, भूपिन्द्र कौर, बबली कौर, कनिका अरोड़ा आदि उपस्थित रहे।

# स्वच्छ बनाए रखने में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी




पानीपत। गांव ताजपुर में सेवा पखवाड़े का शुभारंत करते विभिन्न विभागों के अधिकारीगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

पानीपत जिला परिषद एवं डीआरडीए की मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. किरण सिंह ने बुधवार को ताजपुर में आयोजित कार्यक्रमों में बतौर मुख्यअतिथि शिरकत करते हुए स्वयं ग्रामीण महिलाओं, सरपंच व अन्य अधिकारियों के साथ गांव में सफाई अभियान की शुरुआत की और लोगों से अपील की कि वे एकल-उपयोग प्लास्टिक का पूरी तरह बहिष्कार करें। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, गलियों, फिरनी व सरकारी भवनों को स्वच्छ बनाए रखने में हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। इसी क्रम में ग्राम पंचायत ताजपुर में मनरेगा स्कीम के अंतर्गत चल रहे प्रगतिशील कार्यो का मौके पर निरीक्षण किया गया।

# स्वरोजगार कर आत्मनिर्भर बनें विद्यार्थी : मलिक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पानीपत

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान पानीपत में उद्यमिता पखवाड़े का जिला स्तरीय आयोजन किया गया, जिसमें आईबी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने परचम लहराया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में उद्यमिता की भावना को बढ़ावा देना और उन्हें स्वरोजगार के अवसरों के बारे में जागरुक करना है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक जी ने विद्यार्थियों के इस उत्कृष्ट प्रदर्शन पर उन्हें शुभकामनाएं दीं व आगे भी इसी तरह के प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास होता है व युवाओं के सामने व्यवसाय के अनेक अवसर आते हैं। इस पखवाड़े के तहत विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे आइडिया जनरेशन में मोहिनी ने प्रथम पोस्टर मेकिंग व स्लोगन राइटिंग के प्रथम पुरस्कार के विजेता इश्मीत और कोमल रहे। वाणिज्य विभागाध्यक्ष डॉ. सुनित शर्मा ने कहा कि आज के इस दौर में उद्यमिता का बहुत महत्व है। इस अवसर पर डॉ. ज्योति गहलोत, वाणिज्य विभाग से अजय पाल सिंह, माधवी, डॉ. ज्योति गहलोत राजेश बाला, रूहानी शर्मा, साक्षी मुंजाल, करुणा सचदेवा, निशा गुप्ता, रीना रानी, रुचिका बत्रा, मनित कौर, सोनिया, सुखजिन्दर सिंह, जागृति रानी, निशा, आकांशा शर्मा, आंचल, रूबी, अनू बेनीवाल ने विद्यार्थियों को शुभाशीष दिए।



पानीपत। आईबी कॉलेज की प्राचार्या डॉ. शशि प्रभा मलिक विजेताओं को पुरस्कृत करते हुए।

---

स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन की तैयारी, पाइट में 50 टीमों का हुआ

# मानसिक तनाव पर इंसान को अलर्ट करेगा मोबाइल

वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए मंच प्रदान किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

अगर डस्टबिन ही बता दे कि मैं पूरी तरह से भर चुका हूं। अब खाली कर दो। सूखा कचरा डालना है या गीला कचरा। तो नगर निगम का काम बेहद आसान हो जाएगा। जनता भी जागरूक रहेगी। इसी तरह अगर आप मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं तो फोन आपको अलर्ट कर देगा। आपके परिवार के सदस्यों को सूचित कर देगा। एआइ आधारित जिंदगी को आसान करने वाले साफ्टवेयर व एप विद्यार्थियों ने बनाए है। मौका था पानीपत इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नॉलोजी (पाइट) में अंतरस्तरीय स्मार्ट इंडिया हैकॉथान का। राष्ट्र स्तरीय प्रतिस्पर्धा में भाग लेने के लिए 50 टीमों का चयन किया गया। पांच और टीमों को भी जगह मिल सकती है। पाइट के चेयरमैन हरिओम तायल ने बताया कि हैकाथॉन में छात्रों ने उत्साह दिखाया। कुल 124 टीमों ने पंजीकरण कराया। वास्तविक समस्याओं के समाधान के लिए मंच प्रदान किया। बोर्ड सदस्य शुभम तायल ने कहा कि यह पहल छात्रों को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए तैयार करने के साथ ही देश की प्राथमिकताओं से जुड़े समाधान विकसित करने में भी मददगार साबित होगी।



पानीपत। पाइट में स्मार्ट इंडिया हैकाथॉन में चयनित विद्यार्थी प्रसन्न मुद्रा में। फोटो :हरिभूमि

### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर पाइट के निदेशक डॉ.शक्ति कुमार, हैकाथॉन की स्पोक एवं साइबर सिक्योरिटी विभाग की अध्यक्ष डॉ.शक्ति अरोड़ा, प्रो.सुमन मान, डॉ. रिचा चौधरी, प्रो.रूद्र प्रताप ओझा, अमित दुबे, डॉ. संदीप बिंद्रा, डॉ. पंकज बत्रा ने भी विद्यार्थियों का उत्साह बढाया।

---

## न्यूज डायरी

### पोषण माह व सेवा पखवाड़े का शुभारंभ

**पानीपत।** पानीपत के सिविल अस्पताल पानीपत में बुधवार को पोषण माह एवं सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय कैबिनेट मंत्री मनोहर लाल खट्टर के प्रतिनिधि गजेन्द्र कुमार सलुजा ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। वहीं, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लगाए गए विशेष स्लॉट में पोषण संबंधी जानकारियां दी गईं और लोगों से जंक फूड त्यागने तथा लोकल फूड अपनाने की अपील की गई। डीपीओ परमिंदर कौर ने महिलाओं व बच्चों के स्वास्थ्य के उच्च स्तर को सुनिश्चित करने के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी सांझा की। कार्यक्रम में विभाग द्वारा हेल्दी रेसिपी व पौष्टिक भोजन का आकर्षक प्रदर्शन किया गया, जिसे उपस्थित लोगों ने सराहा।

### लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने दादू

**समालखा।** लघु उद्योग भारती की अखिल भारतीय कार्यसमिति और कार्यकारिणी की बैठक समालखा में आयोजित हुई। बैठक में वर्ष 2025-27 के लिए मधुसूदन दादू (नोएडा) को अखिल भारतीय अध्यक्ष, ओम प्रकाश गुप्ता (दिल्ली) को अखिल भारतीय महामंत्री और महेश गुप्ता (कोटा) को अखिल भारतीय कोषाध्यक्ष के रूप में नामित किया गया। इधर, उत्तर प्रदेश से राकेश गर्ग (आगरा) को अखिल भारतीय संयुक्त महामंत्री और दीपक अग्रवाल (आगरा), जो वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष हैं, को अखिल भारतीय सचिव चुना गया है। मधुसूदन दादू ने लघु उद्योंगो को आगे बढ़ाने के लिए प्रयास तेज करने का सकंल्प दोहराया।

### ब्रह्मकुमारीज ने उत्सव बनाया

**पानीपत।** ब्रह्माकुमारीज के 11 वार्ड स्थित सेवा केंद्र का छठा वार्षिक उत्सव श्री महावीर मंदिर कम्युनिटी सेंटर 11 वार्ड में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रोटरी क्लब रेनबो के प्रधान मनमोहन अग्रवाल, भूतपूर्व प्रधान रमेश गुप्ता नगर पार्षद अंजना गुर्जर, पानीपत सर्कल इंचार्ज सरला दीदी, ब्रह्माकुमारी सुनीता, स्मृति, केशव जताना, सुरेंद्र जताना, अनिल जताना, जगदीश, राकेश मुंजाल, प्रताप, उमेश आदि ने भाग लिया।

### त्रिवेणी का रोपण किया

**पानीपत।** नॉर्थ इंडिया एंटी करप्शन एंड क्राइम प्रीवेंशन आर्गेनाइजेशन के लतीफ गार्डन स्थित कार्यालय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर पीपल, बरगद, नीम के पौधे यानि त्रिवेणी का रोपण किया। इस अवसर पर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष यशपाल मलिक, दीपक मित्तल, राजपाल कश्यप, दिनेश शर्मा कुराना, परमजीत जागलान, स. जगजीत सिंह, मयंक मलिक, मुकेश सैनी, दीपक देशवाल आदि मौजूद रहे।

### डॉ. कुलदीप को भारतीय भाषा सम्मान से नवाजा

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के पंजाबी विभाग के अध्यक्ष डॉ. कुलदीप सिंह को 14 सितम्बर 2025 की पूर्व संध्या पर महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ, वाराणसी में हिंदुस्तान समाचार एजेंसी द्वारा आयोजित भव्य समारोह में भारतीय भाषा सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने डॉ. कुलदीप सिंह को बधाई दी। देते हुए कहा कि डॉ. कुलदीप को यह सम्मान मिलना कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लिए बडे गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि डॉ. कुलदीप सिंह ने पंजाबी भाषा एवं साहित्य के उत्थान में उत्कृष्ट योगदान के लिए इस प्रतिष्ठित सम्मान से अलंकृत किया गया है। इस अवसर पर कुवि कुलसचिव डॉ. वीरेन्द्र पाल ने इस सम्मान के लिए डॉ. कुलदीप सिंह को बधाई दी। डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि भारतीय भाषा सम्मान 2025 का मिलना मेरे लिए बडे हर्ष का विषय है।

**न्यायालय तहसीलदार कम सब रजिस्टरार पानीपत**
सुरेंद्र कुमार पुत्र श्री गुरबचन सिंह निवासी 259/6, किला, नियर महावीर मंदिर, तहसील व जिला पानीपत
बनाम
जनरल पब्लिक
हर आम व खास को सुचित किया जाता है कि सुरेंद्र कुमार पुत्र श्री गुरबचन सिंह निवासी 259/6, किला, नियर महावीर मंदिर, तहसील व जिला पानीपत ने एक दस्तावेज पंजीकृत हेतू पेश किया है जिसमे स्पष्ट रूप में बताया गया है कि प्रार्थी के दादा श्री बुटाराम का देहान्त दिनांक 04/04/1989 को हो चुका है जिनकी मृत्यु उपरात निम्न वारिस / उतराधिकारी दर्शाये गये है। राजकुमार नंबरदार व हल्का पटवारी द्वारा अपनी रिपोर्ट मे इन्ही वारसानो की तसदीक की गई है जोकि निम्न है-
1. यह कि प्रार्थी के दादा श्री बुटाराम के देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है-1. गुरबचन सिंह पुत्र, 2. वेदप्रकाश पुत्र 3. वीना रानी पुत्री, 4. कौशल्या देवी पुत्री, 5. दर्शना रानी पुत्री, 6. कान्ता रानी पुत्री, इनके अलावा अन्य कोई वारिस ना है। 2. यह कि श्रीमति कौशल्या देवी पुत्री श्री बुटाराम का देहान्त 24/12/2003 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है- 1. गुलशन पुत्र, 2. सतीश पुत्र, 3. राकेश पुत्र, 4. नवीन पुत्र, 5. किरण देवी पुत्री। 3. यह कि श्रीमती कान्ता देवी पुत्री श्री बुटाराम का देहान्त 21/01/2013 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है- 1. सुभाष पुत्र, 2. राजेश पुत्र, 3. अरविन्द कुमार पुत्र, 4. कमल पुत्र, 5. पुनम पुत्री 6. सुनीता पुत्री। 4. यह कि श्री कमल कुमार पुत्र श्री शिवचरणदास का देहान्त 11/08/2023 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है- 1. अंकुर पुत्र, 2. शुभम पुत्र । 5. यह कि श्रीगुरबचन सिंह पुत्र श्री बुटाराम का देहान्त 06/01/2020 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्न वारिस है -1. सुरेन्द्र पुत्र, 2. सुरेश पुत्र, 3. मंजु पुत्री 4. वीना रानी नारंग पुत्री, 5. राजरानी पत्नी। 6. यह कि श्रीमति वीना रानी नारंग पुत्री श्री गुरबचन सिंह का देहान्त 20/04/2014 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्नलिखित वारिस है 1. सौरभ पुत्र, 2. शिल्पा पुत्री। 7. यह कि श्री वेदप्रकाश पुत्र श्री बुटाराम का देहान्त 18/09/2020 को हो चुका है, देहान्त के बाद मृतक के निम्न वारिस है-1. रेखा पुत्री, 2. रीतु पुत्री, 3. शीतल पुत्री, 4. अमित पुत्र, सुनीता रानी पत्नी। मृतक का अन्य कोई वारिस / उत्तराधिकारी नही है। जिनके सम्बन्ध में प्रार्थी ने शपथपत्र भी प्रस्तुत किया है । इसलिये हर आम व खास को इस इश्तहार / नोटिस के माध्यम से सूचित किया जाता है कि उपरोक्त मृतक के बताये गये वारिस / उत्तराधिकारी के बाबत कोई शक एवं ऐतराज हो तो वह स्वय/अधिवक्ता के माध्यम से इस नोटिस के प्रकाशन के उपरान्त 30 दिने के अन्दर -2 इस कार्यालय में किसी कार्यदिवस के दिन अपनी आपत्ति पेश कर सकता है। अन्यथा इसके उपरान्त उपरोक्त तथ्यों के आधार पर दस्तावेज का पंजीकरण कर दिया जावेगा।
यह नोटिस बाबत इश्तहार आज दिनांक 17.09.25 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायलय की मोहर द्वारा किया गया।
**तहसीलदार-कम-सब रजिस्ट्रार पानीपत**

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में दो आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज पैसे डबल करने का लालच देकर लाखों रूपये की धोखाधड़ी करने के मामले में पुलिस ने आरोपी परमजीत सिंह व गुरमीत सिंह को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को पुलिस ने एक दिन के रिमांड पर लिया है। हरि पैलेस एरिया के दिनेश ने 16 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि सुभाष पार्क के पास आरोपी परमजीत व गुरमीत सिंह ने पैसे डबल करने का लालच देकर उससे एक बड़ी रकम धोखाधड़ी से हड़पने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### पुलिस ने चोरी के मामले में आरोपी को पकड़ा

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी जोनी उर्फ बाबा को गिरफ्तार किया है। आरोपी से अन्य मामलों में लगभग छह मोटरसाइकिल बरामद की गई हैं। कोर्ट चौक के रहने वाले रक्खा राम ने 25 अगस्त 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 13 मई 2025 को कोर्ट चौक के पास से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### जुए का आरोपी पकड़ा 38920 रुपये बरामद

**अंबाला।** थाना अंबाला शहर की डेहा कॉलोनी के पास से सट्टा/जुआ खेलने के मामले में पुलिस ने सूचना के आधार पर आरोपी विपिन कुमार को काबू किया है। जांच के दौरान पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 38920 रूपये बरामद किए। आरोपी के खिलाफ अंबाला शहर थाने में केस भी दर्ज किया गया है।

### तार चोरी के मामले में तीन को किया गिरफ्तार

**बराड़ा।** थाना बराड़ा में दर्ज बिजली तार चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अमित, सलमान व रवि उर्फ रविंद्र कुमार को गिरफ्तार किया है। कंबासी के रणबीर सिंह ने 16 सितंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 15/16 सितंबर 2025 को आरोपी ने उसके व आसपास के ट्यूबवेल से बिजली केबल चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

## जिले में कई कार्यक्रम आयोजित, कहीं रक्तदान शिविर तो कहीं स्वच्छता अभियान चलाए

# पोस्टर और पॉलिथीन फ्री होगा अंबाला, प्रधानमंत्री मोदी के जन्मदिन पर ऐलान, उत्साह के साथ शुरू हुआ सेवा पखवाड़ा

■ 'स्वच्छता ही सेवा' पखवाड़ा के तहत मेगा सफाई अभियान की शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

पीएम नरेंद्र मोदी के जन्मदिन पर बुधवार को जिले में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए। कहीं रक्तदान शिविर आयोजित किए गए तो कहीं स्वच्छता अभियान चलाए गए। इस दौरान पौधारोपण कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल की अगुवाई में बुधवार को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन के उपलक्ष्य में मानव चौक के नजदीक श्रमदान के साथ पौधारोपण व स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान दूसरे लोगों को भी इन अभियान में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया गया। यहां पहुंचने पर नगर निगम कमिश्नर वीरेंद्र लाठर, एएमसी दीपक सूरा व एसडीएम दर्शन कुमार ने मुख्य अतिथि को पुष्प गुच्छ देकर उनका अभिनंदन किया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, मेयर शैलजा सचदेवा, सीनियर डिप्टी मेयर राजेश मेहता, एचसीएस प्रतीक हुडा, सीईओ जिला परिषद गगनदीप व एसडीएम दर्शन कुमार मौजूद रहे। गोयल ने इस मौके पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनिया में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की आन, शान बढ़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत विश्व गुरु बनने की ओर अग्रसर है। पीएम के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है जोकि 2 अक्तूबर तक चलेगा। इस पखवाड़े के तहत 4 महापुरुषों की जयंतियां भी आ रही है जिनमें 25 सितम्बर को पंडित दीन दयाल उपाध्याय की जयंती व 2 अक्तूबर को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व लाल बहादुर शास्त्री की जयंती भी शामिल है। उन्होंने कहा कि इन 15 दिनों में सेवा पखवाड़ा के तहत सेवा के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान मेडिकल कैंप, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान, स्वच्छता अभियान, नमो मैराथन के साथ-साथ अन्य कार्यक्रम भी शामिल रहेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार द्वारा कार्यक्रम की शुरूआत एवं व्यवस्था की जाती है। उन्होंने इस मौके पर अम्बाला शहर नगर निगम के तहत अम्बाला शहर को पोस्टर फ्री करने की भी घोषणा की। 2 अक्टूबर को विधिवत रूप से अम्बाला शहर को पोस्टर फ्री बनाने का कार्य कर दिया जाएगा। पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने पॉलिथीन को न, कपड़े के थैले को हां मुहिम चलाने बारे भी कहा। फूड विक्रेता गुरचरण सिंह ने आगे आकर कहा कि वे सबसे पहले इस मुहिम में आगे आने के लिए तैयार हैं।





**अंबाला।** सफाई अभियान के दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते व पॉलीथिन फ्री अभियान की शुरुआत करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल।

### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

पूर्व राज्यमंत्री ने स्वच्छता के तहत लोगों को प्रेरित करने के लिए जो रैली निकाली गई उसे झंडी दिखाकर रवाना भी किया तथा मानव चौक सब्जी मंडी के नजदीक निगम द्वारा स्थापित एमडीआरएफ सेंटर का भी जायजा लिया। मौके पर विधानसभा संयोजक रितेश गोयल, अमन सूद, मनीष आनंद मन्नी, यतिन बंसल, हितेष जैन, गुरप्रीत शाना, गुरविंद्र सिंह मानकपुर, रजनीश भल्ला, अर्चना छिब्बर, सुंदर ढींगरा, मोनिका मल, रोहित गुप्ता भी मौजूद रहे।

### बराड़ाः पीएम के जन्मदिन पर निकाली रैली



**बराड़ा।** मोदी के जन्मदिन के अवसर पर नगर पालिका द्वारा हरियाणा शहरी स्वच्छता अभियान 2025' के तहत सेवा पखवाड़ा और स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया गया। इस दौरान नगर पालिका प्रांगण से रेलवे स्टेशन तक रैली निकाली गई।

नगर पालिका अध्यक्ष रजत मलिक ने रैली की अगुवाई की। इस अवसर पर उपमंडल अधिकारी सतिंदर सिवाच, नगर पालिका सचिव राजेश कुमार और पुलिस चौकी इंचार्ज विश्वबंधु भी मौजूद रहे। रैली में एसएमएम कॉलेज की एनएसएस छात्राओं ने विशेष भूमिका निभाई। प्रतिभागियों ने नागरिकों को गीले-सूखे कचरे के पृथक्करण और कचरे के सही निपटान के प्रति जागरूक किया। प्रधान रजत मलिक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन को 'सेवा पखवाड़ा' के रूप में मनाना गर्व की बात है। उन्होंने कहा कि देश प्रधानमंत्री की अगुवाई में निरंतर विकास की ओर अग्रसर है और हमें मिलकर स्वच्छ भारत के सपने को साकार करना है।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान



**अंबाला।** रक्तदाताओं को बैच लगाते भाजपा के जिलाध्यक्ष मनदीप राणा।

■ पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल व कई पूर्व विधायकों ने रक्तदाताओं का बढ़ाया हौसला

**अंबाला।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर बुधवार को भारतीय जनता पार्टी ने जिला कार्यालय 'अंब कमल' में नमो रक्तदान शिविर का आयोजन किया। यह शिविर सेवा, समर्पण और सामाजिक दायित्व के संदेश के साथ आयोजित किया गया जिसमें भाजपा कार्यकर्ताओं, युवाओं, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान कर मानवीय सेवा का अद्वितीय उदाहरण प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मंत्री असीम गोयल, पूर्व विधायक संतोष चौहान सारवान व पूर्व विधायक डॉ.पवन सैनी ने रक्तदान करने वाले प्रत्येक कार्यकर्ता का मनोबल बढ़ाया और उन्हें समाज के लिए प्रेरणा बताया। पूर्व मंत्री असीम गोयल ने कहा कि रक्तदान जीवन बचाने का सबसे बड़ा माध्यम है और हर व्यक्ति को अपनी क्षमता अनुसार इस पुण्य कार्य में आगे आना चाहिए। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ, दीर्घायु और कर्मठ जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता और विकास की नई उंचाइयों को छू रहा है। रक्तदान शिविर में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने पंजीकरण कर रक्तदान किया। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य विभाग की टीम ने रक्त संग्रहण और चिकित्सा सहायता उपलब्ध कराई। शिविर में स्वच्छता, सुरक्षित रक्त संग्रहण और चिकित्सा मानकों का पूर्ण ध्यान रखा गया। गोयल ने कहा कि सेवा भावना से ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे रक्तदान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लें ताकि जरूरतमंदों को समय पर सहायता मिल सके। कार्यक्रम में भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, जिला संयोजक रक्त दान अभियान संदीप सैनी, सह संयोजक जसबीर सिंह सौंटी व साहिल कक्कड़, जिला महामंत्री, विभिन्न मंडल अध्यक्ष, विभिन्न मोर्चों के पदाधिकारी, स्थानीय नेतृत्व और आमजन भी उपस्थित रहे।

### आईटीआई के 85 छात्रों ने किया रक्तदान



**अंबाला।** रक्तदानियों को प्रोत्साहित करते पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल। फोटो : हरिभूमि

■ सेवा पखवाड़े पर पूर्व राज्यमंत्री ने किया प्रोत्साहित

**अंबाला।** सेवा पखवाड़े के तहत अंबाला शहर स्थित राजकीय आईटीआई में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इसमें जिला रेडक्रॉस सोसायटी एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी की टीम के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम में पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल नन्यौला ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर स्वेच्छा से रक्तदान करने वाले रक्तदाओं को बैज लगाकर प्रोत्साहित भी किया। गोयल ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के तहत अगले 15 दिन सेवा के नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। सेवा पखवाड़ा के तहत आज रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। उन्होंने कहा कि रक्तदान जीवन का सबसे बड़ा दान है। एक स्वस्थ व्यक्ति को रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रक्तदान करके हम घटना में घायल अमूल्य जिंदगियों को बचा सकते हैं। उन्होंने इस मौके पर यह भी कहा कि औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के विद्यार्थी हर गतिविधि में आगे आकर संस्थान का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हमे स्वच्छता के लिए स्वयं सचेत रहना है और दूसरों को भी स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित करना है। रक्तदान शिविर में ब्लड बैंक की टीम द्वारा 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। इस मौक पर प्रधानाचार्य दिनेश राणा एवं उप प्रधानाचार्या वनिता सिंधु ने मुख्य अतिथि का यहां पहुंचने पर स्वागत किया।

### अंबाला छावनी के राजकीय महाविद्यालय में कार्यक्रम, नशा मुक्त भारत बनाने की ली शपथ




**अंबाला।** अंबाला छावनी के राजकीय महाविद्यालय में बुधवार को नशा मुक्त भारत अभियान कमेटी द्वारा प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में शपथ ग्रहण कार्यक्रम किया गया। यह कार्यक्रम कॉलेज प्राचार्य प्रो. डॉ देशराज बाजवा के दिशानिर्देशों के अन्तर्गत किया गया। कार्यक्रम में प्रिंसिपल ने सभी विधायर्थिओ एवं नशा मुक्ति अभियान कमेटी सदस्यों सहित समाज को नशा मुक्त कराने एवं स्वयं को नशे से दूर रहने की शपथ ली । सरकार की इस पहल का समर्थन करते हुए प्रिंसिपल ने विद्याथिओ को नशा मुक्ति अभियान से बड़ी संख्या मे जुड़ने और किसी भी तरह के नशे से दूर रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम का आयोजन नशा मुक्ति अभियान की नोडल ऑफिसर डॉ. पूनम राजोरा एवं आयोजन समिति के सदस्य प्रो. नेहा रानी, डॉ. उमा शशि, डॉ. श्रुति सिंह, डॉ. नीलम रानी, डॉ मनजीत कौर प्रो. समीक्षा, प्रो. नीरु भाटिया, डॉ. रितेश प्रो. इंदेश अग्रवाल के विशेष योगदान से किया गया ।

### समस्याओं का होगा निपटान



**बराड़ा।** सर्कल सचिव का स्वागत करते कर्मचारी। फोटो : हरिभूमि

■ सर्कल सचिव ने सहयोगी कर्मचारियों को मान सम्मान समारोह में दिया आश्वासन

**बराड़ा।** सब डिविजन में एचएसईबी वर्कर यूनियन एवं सब यूनिट के आह्वान पर एक भव्य मान-सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि नवनियुक्त सर्किल सचिव सतबीर देसवाल रहे जबकि मंच संचालन जॉइंट सेक्रेटरी अमन ने किया। इस अवसर पर सब यूनिट बॉडी और कर्मचारी साथियों ने सतबीर देसवाल का हार्दिक स्वागत किया। स्वागत स्वरूप उन्हें 5100 रुपये का हार और फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। देसवाल ने सभी का धन्यवाद व्यक्त करते हुए आश्वासन दिया कि वह पूरे सर्किल को एकजुट रखेंगे। कर्मचारियों की समस्याओं व कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाया जाएगा। उन्होंने सभी कर्मचारी साथियों को साथ लेकर आगे बढ़ने का भी वादा किया। कार्यक्रम में सब यूनिट से प्रधान दीपक शर्मा, सचिव गोबिंद , उप प्रधान प्रिंस बक्सी, कैशियर संजीव खेतरपाल, संगठनकर्ता शिव चरण, चेयरमैन राजेश, मंनिद्र फोरमैन, कर्मचंद फोरमैन, राजबीर जेई, पारुल जेई, यशपाल जेई, राजेश फोरमैन, प्रदीप सेहला एचडीसी, रण सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएवी कॉलेज में आयोजित वर्कशॉप, ई.कचरे के प्रसार को रोकने पर गंभीरता से करना होगा काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला शहर के डीएवी कॉलेज में कंप्यूटर साइंस , भौतिकी , इलेक्ट्रॉनिक्स और अर्थशास्त्र विभाग की ओर से दो दिवसीय वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें 100 से अधिक विद्यार्थियों ने पोस्टर मेकिंग , सलोगन राइटिंग , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लिया। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और शिक्षकों को ई-वेस्ट के बढ़ते खतरे और उसके सही प्रबंधन के बारे में शिक्षित करना था।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य प्रोफेसर राजीव महाजन ने किया। प्रोफेसर राजीव महाजन ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लेने से विद्यार्थियों का आत्मविश्वास और प्रतिभा उभर कर आती है। प्रोफेसर शांत कौशिक ने दो दिवसीय कार्यशाला में समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने भौतिकी, कंप्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स और अर्थशास्त्र के दृष्टिकोण से ई-कचरे के प्रसार और प्रबंधन पर चर्चा की और लोगों को जागरूक करने और जिम्मेदारी से काम करने की आवश्यकता पर बल दिया।डॉ. मधु गोयल और प्रोफेसर मीना मलिक ने कार्यशाला में संयोजक और सह-संयोजक की महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उपप्राचार्य डॉक्टर आरएस परमार ने भी इस अवसर पर बच्चों को आशीर्वाद दिया।कार्यक्रम के प्रथम दिवस पर पोस्टर मेकिंग और सलोगन राइटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । पोस्टर मेकिंग में प्रथम स्थान महक सैनी व द्वितीय स्थान यशिका शर्मा ने प्राप्त किया। इसमें डा. रेखा शर्मा और डॉ. अति मुक्त ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। स्लोगन राइटिंग में प्रथम स्थान प्रतिष्ठा व द्वितीय स्थान नेहा रानी ने प्राप्त किया।



**अंबाला।** विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता छात्रों को सम्मानित करते शिक्षक।

### प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम रही

*इसमें डॉ. दर्शन लाल और डॉ. प्रियंका चौधरी ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। कार्यक्रम के दूसरे दिन पर एक्सपर्ट लेक्चर , प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता और विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया । इस दिन मंच का संचालन प्रोफेसर मीना ने किया। एक्सपर्ट लेक्चर के लिए डॉ. मधु गोयल को आमंत्रित किया गया जिन्होंने एक पॉवरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से प्रतिभागियों को ई-कचरे के प्रकार, उसके हानिकारक प्रभाव और सही निपटान के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया। उसके बाद प्रोफेसर पूजा ने विद्यार्थियों के लिए विभिन्न गतिविधियों का आयोजन करवाया ताकि उनमें जागरूकता का और अधिक विकास हो। इसमें प्रथम स्थान प्रतिष्ठा व द्वितीय स्थान सपना ने प्राप्त किया। इसमें डॉ. विनय गोयल और डॉ. सुखदेव सिंह ने निर्णायक मंडल की भूमिका निभाई। तत्पश्चात प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. रीटा सैनी द्वारा किया गया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर आयोजक समिति के सदस्य डॉ. विनय गोयल , डॉ. सुखदेव सिंह , डॉ. अमनदीप कौर , डॉ. रीटा सैनी , प्रोफेसर पूजा आनंद ने अपनी गरिमामई उपस्थिति दर्ज करवाई। डॉ. अमनदीप कौर ने कार्यशाला में उपस्थित सभी प्रतिभागियों और सहयोगियों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया।*

### सचिव की ट्रांसफर पर जताया रोष



**शहजादपुर।** रोष प्रकट करते अनुबंधित विद्युत कर्मचारी। *फोटो : हरिभूमि*

■ गेट मीटिंग के दौरान एसडीओ के खिलाफ की नारेबाजी

**शहजादपुर।** अनुबंधित विद्युत कर्मचारी संघ की मीटिंग सब डिविजन में हुई। इस दौरन विभागीय आदेशों पर रोष व्यक्त किया गया। कर्मचारियों ने सब डिविजन सचिव महेश कुमार की गलत तरीके से ट्रांसफर होने पर जमकर नारेबाजी की। रोषित कर्मचारियों का आरोप है कि महेश कुमार मघ्घरपुरा सेंटर पर कार्यरत था। लगभग 3-4 महीने पहले ही इस सेंटर पर उनकी बदली हुई थी। उन्होंने बताया कि संगठन द्वारा एसडीओ को बार-बार मीटिंग के माध्यम से व पत्राचार के माध्यम से अवगत कराया गया लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि इसी वजह से संगठन ने 2 घंटे गेट मीटिंग का निर्णय लिया है। अगर एसडीओ ने उनकी मांग पर विचार नहीं किया तो ये प्रदर्शन यूनिट और जिला स्तर पर करने को मजबूर हो जाएगा। उन्होंने कहा कि संगठन ने हमेशा बातचीत के माध्यम से ही समस्या का हल निकालना चाहा। इस मीटिंग में मुख्य तौर पर अध्यक्ष संदीप कुमार, यूनिट सचिव नरेंद्र सैनी, यूनिट कैशियर अवनीत सिंह,सब यूनिट अध्यक्ष जितेंद्र व सब यूनिट सचिव महेश कुमार भी मौजूद रहे।

### बंगला बिना अनुमति किराये पर दिया, 40 हजार जुर्माना

**अंबाला।** अंबाला छावनी के मॉल रोड पर स्थित बंगले के व्यवसायिक इस्तेमाल को लेकर कैंटोनमेंट बोर्ड ने 40 हजार का जुर्माना ठोका है। बंगले में रहने वाले हरपाल सिंह ने बिना अनुमति इसे पंजाबी फिल्क शेरा की शूटिंग के लिए निर्देशकों को दिया था। हरपाल सिंह के पास यह बंगला लीज पर है। बोर्ड ने संबंधित बंगले के लीजधाकर पर 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्हें चेतावनी भी दी है कि अगर दोबारा उन्होंने इस प्रकार का कोई भी व्यावसायिक काम किया तो उनके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के अनुसार कार्रवाई भी की जाएगी। नियमानुसार मॉल रोड बंगले सेना की संपत्ति हैं। कैंटोनमेंट बोर्ड के मुख्य अधिशासी अधिकारी राहुल आनंद शर्मा ने बताया कि यह कार्य एक सोची-समझी योजना के तहत किया गया। शुक्रवार को शूटिंग के लिए बंगले में रहने वाले व्यक्ति ने इसे किराए पर दे दिया ताकि आगामी शनिवार व रविवार को कोई कार्रवाई न हो सके, लेकिन जैसे ही इसकी भनक बोर्ड के अधिकारियों को मिली तो उन्होंने तुरंत टीम को मौके पर भेजकर 10 हजार रुपये का चालान काट दिया। टीम ने लगातार तीन दिन तक 10-10 हजार के तीन चालान काटकर लीजधारक के हाथ में थमा दिए।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

**कार्यक्रम** अंबाला छावनी के गांधी मैदान 70 सालों से दशहरा मेले की पावन गूंज उठ रही

# दशहरा मेला पर 50 हजार की पर्ची सनातन धर्म की परंपरा पर प्रहार

■ युवा नेत्री चित्रा सरवारा बोली दशहरा पर्व से पहले 'राम की लीला' का आयोजन होना हमारी पारंपरिक अनिवार्यता



**अंबाला।** चित्रा सरवारा।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

अंबाला छावनी के गांधी मैदान 70 सालों से दशहरा मेले की पावन गूंज सुनाई देती रही है। इस बार यहां दशहरा मेले का आयोजन प्रशासनिक काग़ज़ों के ढेर में दम तोड़ता नजर आ रहा है। नगर परिषद ने इस वर्ष दशहरा मेला आयोजन को लेकर केवल दो दिन 1 और 2 अक्तूबर कीअनुमति दी है।

### अठारह शर्तें भी

वह भी अठारह शर्तों के साथ और पचास हज़ार रुपये की सुरक्षा राशि पहले जमा करने की अनिवार्यता रखी गई है। चित्रा ने हा कि यह पहली बार है ही जब हमारे पावन हिन्दू पर्व दशहरे की अनुमति इतनी देरी से और इतने बोझिल नियमों के साथ प्रदान की गई है। उन्होंने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि यह अनुमति-पत्र सनातन धर्म पर प्रतिबंध का प्रतीक बनती जा रही है।

हम हिंदू राष्ट्र बनाने के स्वप्न देखते हैं। विश्वगुरु बनने का संकल्प लेते हैं परंतु अपने ही नगर में हम भगवान राम के अभिनंदन पर होने वाले दशहरा पर्व को शर्तों और सिक्योरिटी के मनी पिंजरे में कैद कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि क्या यही रामराज्य की कल्पना है कि जहां दशहरा जैसा पवन पर्व भी प्रशासकीय खाता-किताब में उलझ रहा है। इससे सभी में रोष है।

### गांधी मैदान की दुर्दशा को लेकर प्रशासन को आड़े हाथों लिया

चित्रा ने सराकर व प्रशासन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा की किस बात की सिक्योरटी जब ग्राउंड में सफाई,साइकिल ट्रैक और पेड़ों का पहले से ही कोई रखरखाव का अता-पता नहीं है? गांधी मैदान की दुर्दशा को लेकर भी प्रशासन को आड़े हाथों लिया – मैदान में गंदगी का अंबार,डेढ़ फुट ऊंची घास और टूटी-फूटी ट्रैक। "यह दृश्य केवल उपेक्षा का नहीं, केवल हमारी सांस्कृतिक चेतना के मुरझाने का संकेत है। उन्होंने कहा की जब प्रशासन को पता था की हर साल इस गांधी ग्राउंड में दशहरा पर्व होता है तो प्रशासन का दायित्व था कि मैदान को समय रहते साफ़ करता व मंचन के योग्य बनाता। किंतु इसके बजाय नगर परिषद ने शर्तों का ऐसा पुलिंदा बांध दिया है। उन्होंने यह भी स्मरण कराया कि श्री रामलीला कमेटी की विशेष बैठक में पदाधिकारियों द्वारा सामूहिक रूप से गहरी चिंता व्यक्त की। नगर परिषद के रुख को आस्था के अपमान के समान बताया। जब समाज के प्रतिष्ठित नागरिक भी स्वयं को अपमानित महसूस कर रहे हैं, तब यह केवल एक राजनीतिक मुद्दा नहीं, यह पूरे नगर की आत्मा का प्रश्न है। चित्रा ने सभी धर्म प्रेमियों से आह्वान किया कि वे इस बार भी एक अक्तूबर को आयोजित होने वाले गरीब कन्याओं के विवाह में बढ़-चढ़कर भाग लें और इसे जनसमर्थन का उत्सव बनाएं। दशहरा मेला केवल रावण दहन नहीं,भीतर के अहंकार,अन्याय और असत्य को जलाने का पर्व है। यदि हम इन बाधाओं के विरुद्ध आवाज नहीं उठाएंगे तो आने वाली पीढ़ियां हमें दोष देंगी।